
नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण



5 करारी हार के बाद पार्टी के भीतर छिड़ी जंग



6 एनडीए की अभूतपूर्व जीत ने अनुमानों को झुठलाया



7 राष्ट्र निर्माण में युवाओं की शक्ति सबसे बड़ी



8 भारतीय शेर घर में ढेर

# बिहार में शपथ ग्रहण की तैयारी

- पीएम मोदी ने की शाह और नड्डा के साथ अहम बैठक
- 20 नवंबर को हो सकता है शपथ ग्रहण समारोह
- सीएम नीतीश ने आज सुबह साढ़े 11 बजे बुलाई बैठक

**नई दिल्ली, 16 नवंबर. बिहार चुनाव में प्रचंड जीत के बाद अब एनडीए के घटक दलों में राज्य की नई सरकार बनाने को लेकर मंथन का दौर जारी है. दूसरी ओर शपथ ग्रहण की भव्य तैयारियां जारी है. वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सुबह साढ़े 11 बजे कैबिनेट की बैठक बुलाई.**

पीएम मोदी ने रविवार को अपने आवास पर गृहमंत्री अमित शाह और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ एक अहम बैठक की है. सूत्रों के अनुसार इस बैठक में 20 नवंबर को बिहार में शपथ ग्रहण समारोह कराने की बात हुई है. ऐसे में इस बात की संभावना काफी अधिक है कि बिहार की



नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 20 नवंबर को ही आयोजित किया जाए.

जेडीयू के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने पुष्टि की कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को पद से इस्तीफा देंगे, जिससे नई एनडीए सरकार के गठन का रास्ता साफ हो सके. सोमवार सुबह नीतीश कुमार पहले अपनी सरकार की अंतिम कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करेंगे. इसके तुरंत बाद वे राजभवन जाकर राज्यपाल को इस्तीफा सौंपेंगे.

### बिहार की नई सरकार में एनडीए के संभावित 18 मंत्री

बिहार में अब नई सरकार बनाने की कवायद तेज हो गई है. जेडीयू ने सोमवार को विधायक दल की बैठक बुलाई है. इसमें नीतीश कुमार को विधायक दल का नेता चुना जाएगा. जानकारी के मुताबिक नीतीश कुमार के साथ-साथ 18 मंत्री भी शपथ ले सकते हैं. वहीं, डिप्टी सीएम की रेस में बीजेपी से सम्राट चौधरी, रामकृपाल यादव, मंगल पांडे, नित्यानंद राय के नाम की चर्चा है. चिराग पासवान की पार्टी एलजीपी एलजीपी (आर) की भी बिहार सरकार में एंट्री होगी.

# इंदौर भीषण शीत लहर की चपेट में, पारा 6 .4

- दिन में तापमान गिरने से भी बढ़ी ठंड

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर, 16 नवंबर. राजस्थान और दिल्ली से आ रही उत्तरी हवाओं के कारण प्रदेश के कई शहर भीषण शीत लहर की चपेट में आ गए हैं. इसके साथ ही तापमान गिरने से दिन में भी ठंड बढ़ गई है. उत्तरी हवाओं से इंदौर में रात का तापमान न्यूनतम 6.4 डिग्री पर पहुंच गया है और दिन का तापमान भी 5 डिग्री गिरकर 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है.**

लगता है इस बार ठंड कई दशकों का रिकॉर्ड तोड़ेगी. पिछले एक सप्ताह से ज्यादा समय से प्रदेश के कई शहर शीत लहर की चपेट में है. कई शहरों में दिन का तापमान सामान्य से 5 से लेकर 8 डिग्री कम दर्ज हुआ है. मौसम की वर्तमान स्थिति यह है कि रात में भीषण शीत लहर और दिन में भी कोल्ड डे हो रहा है. इंदौर में कल रात पारा 6.4 दर्ज किया गया है, जो सामान्य से 9 डिग्री कम है. वहीं दिन का पारा भी 25 डिग्री दर्ज हुआ है, जो सामान्य से 5 डिग्री कम है. मौसम में 5 से 10 किलोमीटर की रफ्तार से ठंडी हवाएं चल रही है, जो तापमान को निरंतर कम कर रही है. प्रदेश की बात करे तो राजगढ़ 6 डिग्री के साथ सबसे ठंडा शहर बताया गया है. इसके अलावा भोपाल, रीवा, उमरिया, नयागांव और इंदौर में भीषण शीत लहर है. प्रदेश के कई शहरों में तापमान 10 डिग्री से कम दर्ज होने से शीत लहर बनी हुई है.



एनडीए की बिहार में भारी जीत

# रेत से भरे ट्रैक्टर में घुसी फॉर्च्यूनर, 5 छात्रों की मौत

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 16 नवंबर. ग्वालियर-झांसी हाइवे पर रविवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया. मालवा कॉलेज के सामने रेत से भरे ट्रैक्टर में तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर जा घुसी, जिससे कार में सवार पांच युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. दुर्घटना सुबह के समय हुई.**

हादसा इतना भयावह था कि कार का आगे का हिस्सा ट्रैक्टर-ट्रॉली के अंदर घुस गया और वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और कटर की मदद से शवों को बाहर निकालने



का प्रयास किया गया. हादसे में क्षितिज उर्फ प्रिंस राजावत, राज पुरोहित, कौशल सिंह भदौरिया, आदित्य उर्फ राम जादौन और अभिमन्यु सिंह तोमर की मौत हुई. सभी ग्वालियर के निवासी और छात्र बताए जा रहे हैं. कार क्षितिज के पिता उमेश जो कि बिल्डर हैं, की थी और हादसे के वक्त कार क्षितिज ही चला रहा था.



## मुख्यमंत्री बोले- भगवान गोपाल कृष्ण भी मुस्कुराएंगे...

**मथुरा.** 'बागेश्वर धाम' के पूज्य पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की 'सनातन हिंदू एकता पदयात्रा' की सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दी. सीएम और धीरेंद्र शास्त्री ने सड़क पर साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया.

# 15 साल बाद भारत घर में अफ्रीका से हारा

**कोलकाता, 16 नवंबर. ईडन गार्डन्स में भारत को साउथ अफ्रीका ने 30 रन से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है. 15 साल के बाद भारत में साउथ अफ्रीका ने भारत को टेस्ट मैच में हराया.भारत को 124 रन का टारगेट मिला था, लेकिन भारतीय टीम दूसरी पारी में 93 रन बनाकर आउट हो गई.**

भारत की ओर से वाशिंगटन



सुंदर ने 31 रन की पारी खेली, दूसरी ओर साउथ अफ्रीका की ओर से साइमन हार्मर ने 4 विकेट तो केशव महाराज और मार्को जानसेन ने दो-दो विकेट चटकाए. मार्कम एक विकेट लेने में सफल रहे. बता दें कि तीसरे दिन साउथ अफ्रीका की दूसरी पारी 153 पर आउट हो गई. भारत को साउथ अफ्रीका ने 124 रनों का टारगेट दिया था. साउथ अफ्रीका की ओर से टेम्बा बावुमा ने 55 रन की नाबाद पारी खेली थी, भारत की ओर से सबसे ज्यादा चार विकेट जडेजा ने चटकाए.

## सुकमा मुठभेड़ में तीन माओवादी ढेर

**सुकमा.** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के तुमालपाड़ के जंगल और पहाड़ी इलाके में मुठभेड़ में तीन माओवादी मारे गए हैं. पुलिस जानकारी के मुताबिक, मारे गए माओवादियों में दो महिलाएं भी शामिल हैं. मौके से पुलिस को थ्री नॉट थ्री रायफल, बीजीएल लांचर और भारी मात्रा में गोला-बारूद सहित अन्य सामग्री भी मिली है.

## बुलेट ट्रेन परियोजना की टीम से मिले पीएम मोदी

**सूरत/नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के सूरत में निर्माणाधीन बुलेट ट्रेन स्टेशन का दौरा किया और मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की प्रगति की समीक्षा की. इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव इस दौरे के दौरान उपस्थित थे.

### गुस्ताखी माफ




# एसआईआर पर सरकार को घेरेगी कांग्रेस

## कांग्रेस ने 12 राज्यों के नेताओं को बुलाया दिल्ली

**नई दिल्ली, 16 नवंबर (वार्ता) बिहार में हार के बाद कांग्रेस पार्टी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2.0 वाले राज्यों के नेताओं को दिल्ली बुलाया है, क्योंकि पार्टी अब नई रणनीति के साथ जनता के बीच जाना चाहती है.**

पार्टी सूत्रों के अनुसार मंगलवार 18 नवंबर को सुबह इंदिरा भवन में तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, पुडुचेरी, अंडमान, निकोबार द्वीप और लक्षद्वीप के पार्टी नेताओं को दिल्ली बुलाया गया है. बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे करेंगे और इसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता विपक्ष राहुल गांधी तथा संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल मौजूद रहेंगे.

पार्टी सूत्रों के अनुसार कांग्रेस एसआईआर मामले को लेकर जनता के बीच नयी रणनीति के तहत जाना चाहती है. क्योंकि मतदाता सूची पुनरीक्षण 2.0 वाले 12 राज्यों में से तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं. यही वजह है कि बिहार में मिली हार के बाद पार्टी इन राज्यों में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है.

सूत्रों ने बताया कि इंडिया गठबंधन आगामी लोकसभा सत्र में भी एसआईआर पर जोरदार हंगामा करने की तैयारी में हैं. इस मामले को लेकर नवंबर के अंतिम सप्ताह में कांग्रेस पार्टी दिल्ली की रामलीला मैदान में बड़ी रैली करने की तैयारी में है. गौरतलब है कि एसआईआर 2.0 कार्यक्रम शुरू हो चुका है और यह 4 दिसंबर तक चलेगा. चुनाव आयोग 9 दिसंबर को प्रारूप मतदाता सूची जारी करेगा और अंतिम मतदाता सूची 7 फरवरी, 2026 को जारी की जायेगी.

ब्लास्ट की जांच तेज | अनंतनाग में छापेमारी के बाद कार्रवाई

# हिरासत में हरियाणा की महिला डॉक्टर प्रियंका शर्मा

**नई दिल्ली, 16 नवंबर. जैश-ए-मोहम्मद के टेरर मॉड्यूल की जांच में बड़ी कार्रवाई सामने आई है. जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस टीमों ने अनंतनाग में छापेमारी कर हरियाणा की एक महिला डॉक्टर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है. गिरफ्तार महिला डॉक्टर की पहचान रोहतक की डॉ. प्रियंका शर्मा के रूप में हुई है, जो जीएमसी अनंतनाग में तैनात थी और मलखनाग इलाके में किराए के मकान में रह रही थी.**

सूत्रों के मुताबिक, जांच के




दौरान फोन कॉल ट्रेस में उसका नाम सामने आने के बाद टीमें उसके ठिकाने पर पहुंचीं. मौके से एक मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद हुआ है, जिसे फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है. कहा जा रहा है कि हरियाणा की टीम उसके परिवार और अन्य विवरण जुटा सकती है.

### दावा : मसूद-हाफिज ने कराया दिल्ली ब्लास्ट

पाक के एक पत्रकार ने 5 महीने पहले ही वीडियो बनाकर दावा कर दिया था कि भारत में अब इस तरह के हमले होंगे और इसके पीछे मसूद अजहर और हाफिज सईद होंगे. इस वीडियो में पाकिस्तान के सीनियर पत्रकार जावेद चौधरी को साफ कहते सुना जा रहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद मसूद अजहर को जो नुकसान पहुंचा है.

### दिल्ली में ब्लास्ट हुई कार का मालिक गिरफ्तार

ब्लास्ट मामले में एनआईए को बड़ी सफलता मिली है. आत्मघाती हमलावर के सहयोगी



आमिर राशिद अली को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया. हमले में इस्तेमाल की गई कार आमिर के नाम पर रजिस्टर्ड पाई गई.

